Raj Express (Indore), 07th December 2020, Page-2

# आईआईटी इंदौर को किया सम्मानित

**इंदौर।** आईआईटी इंदौर बेस्ट स्टार्ट-अप इनिशिएटिव के रुप में सम्मानित किया गया है। स्वाहा रिसोर्स मैनेजमेंट प्रा. लिमिटेड को ईटी ग्लोबल स्मार्ट सिटी फोरम द्वारा स्मार्ट सिटीज द्वारा बेस्ट स्टार्ट-अप इनिशिएटिव के रुप में सम्मानित किया गया है। कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर नीलेश कुमार जैन ने संस्थापकों को बधाई दी और कहा कि इस तरह की उपलब्धियां आईआईटी इंदौर के स्टूडेंट्स के जुनून को दर्शाता है। कड़ी मेहनत, समर्पण, दृढ़ता और जोखिम उठाने की क्षमता इस उपलब्धि का मुख्य आकर्षण है जो हमारे अन्य स्टूडेंट्स को कम यात्रा वाले मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगी।